कार्यालय रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल, लखनऊ

पत्र संख्या– 5519/23 दिनांक– 14/6/23

अति आवश्यक सूचना

समस्त FMG (विदेशों से उत्तीर्ण) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा इन्टर्नशिप कराये जाने हेतु राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में प्राप्त अंको की श्रेष्ठता के आधार पर आवंटन हेतु मेरिट सूची एवं Counselling में आवेदकों द्वारा Choice Locking के पश्चात् हॉस्पिटल/मेडिकल कॉलेजों का आवंटन किया जा चुका है।

आवंटन में अभी समस्त अभ्यर्थियों की इन्टर्नशिप की अवधि 01 वर्ष ही दर्शायी गई है। जिन अभ्यर्थियों की 02 वर्ष की इन्टर्नशिप होनी है, उन्हें उनके प्रथम वर्ष की इन्टर्नशिप के 11वें माह में उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल की अधिकृत वेबसाइट पर सूचना उपलब्ध करायी जायेगी। उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल की अधिकृत वेबसाइट **www.upmedicalcouncil.org** का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

समस्त FMG (विदेशों से उत्तीर्ण) अभ्यर्थियों के इन्टर्नशिप हेतु आवंटित मेडिकल कॉलेज का आवंटन पत्र दिनांक 14.06.2023 को जारी कर दिया गया है। आवंटन पत्र डाउनलोड करने हेतु Choice Lock में दिए गए लिंक से कर सकते हैं। समस्त अवांटित अभ्यर्थी 07 (सात) कार्यदिवस के अन्दर अपनी ज्वाईनिंग आवंटित कॉलेज में करना सुनिश्चित करें।

नोट–यदि किसी FMG's अभ्यर्थी को आवंटित मेडिकल कॉलेज इंटर्नशिप कराने की अनुमति नहीं देता है, तो इसकी सूचना अविलंब राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, नई दिल्ली को देते हुए, उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल को भी अवगत करायें। जिससे उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, नई दिल्ली को संस्तुति प्रेषित की जा सके।

रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल।